17- JUN- BSP- PG-1_Layout 1 6/18/2024 12:47 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 18 जून 2024



यातायात पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को जब्त कर लिया।



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें:- 7400009183

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेताओं का धरना प्रदर्शन आज

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहर /ग्रामीण) द्वारा मंगलवार 18 जून को सुबह 11.00 बजे नेहरू चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना -प्रदर्शन के प्रभारी पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। धरना में प्रदेश पदाधिकारी, विधायक, महापौर, निर्वाचीत जनप्रतिनिधि, पूर्व सांसद,पूर्व विधायक, निगम सभापति, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायत, जनपद पंचायत के निर्वाचीत जन प्रतिनिधि, जिला कार्यकारिणी, शहर कार्यकारिणी, सभी ब्लाक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, सेवादल के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### आंगनबाड़ी केंद्र: रिक्त पदों के लिए आवेदन 20 से

**बिलासपुर** । एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 एवं सहायिका के 2 रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। ग्राम पंचायत पेण्डारी के केंद्र-3 के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम बेलटुकरी केंद्र-2 के लिए सहायिका एवं ग्राम पंचायत पांड़ के केंद्र 2 में सहायिका के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की भर्ती के लिए 20 जून से 4 जुलाई तक आवेदन किये जा सकते हैं। रिक्त पदों की जानकारी कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी से प्राप्त कर सकते हैं।

### ईद उल अजहा पर मांगी गई अमन, चैन की दुआ



**बिलासपुर।** कुर्बानी और आपसी भाईचारे के प्रतीक ईद उल अजहा का त्योहार 17 जून को मनाया गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा ईदगाह में सुबह 7.30 बजे नमाज अता की गई। सुब्हानिया अंजुमन इस्लामिया के नाएब सदर, हाजी मोहम्मद इस्माईल रज़्वी ने बताया कि माहे ज़िल्हज्ज के चाँद की तसदीक के बाद 17 जून दिन सोमवार को ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया गया और खुशियां बांटी गई और जरूरतमंदों की मदद की गई। प्रदेश सहित देश में अमन व चैन की दुआ मांगी गई। चांटापारा स्थित जामा मस्जिद में सुबह 7 बजकर 45 मिनट पर नमाज अता की गई साथ ही गोल बाजार मस्जिद में सुबह 8 बजे नमाज अता की गई। इस दौरान हजारों के तादात में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

### लू से पीड़ित युवती की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** लू से युवती तबियत खराब होने पर परिजन ने युवती को सिम्स में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सिविल लाइन थाना प्रभारी भावेश सेंडे ने बताया, मंगला धूरीपारा निवासी कविता भार्गव पिता लैनदास भार्गव 20 साल लू की चपेट में आने से बीमार थी। रविवार की रात अधिक तबियत खराब होने पर परिजन ने उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया। जहां देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## अभिनंदन समारोह

### सभी के साथ मिलकर बिलासपुर का गौरव व छग का मान-सम्मान बढ़ाने दिलाया भरोसा

# भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी, मेहनत करके पहुंचते हैं शिखर पर : तोखन





राम मंदिर में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, पुन्नूलाल मोहले व अन्य। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय शहरी विकास एवं आवास राज्य मंत्री तोखन साहू का पहली बार बिलासपुर पहुंचने पर सोमवार को बिलासपुर लोकसभा के कार्यकर्ताओं की ओर से तिलकनगर स्थित राममंदिर के हाल में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया था। इस समारोह में कार्यकर्ताओं को देवतुल्य कहकर संबोधित करते तोखन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जिसमें मेहनत करके कार्यकर्ता कहां से कहां पहुंच जाते हैं। उन्होंने मंच से सभी के साथ मिलकर बिलासपुर का गौरव व छत्तीसगढ़ का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए काम करने की बात कही।

केन्द्र की मोदी सरकार में शहरी विकास एवं आवास राज्य मंत्री बनने के बाद बिलासपुर सांसद तोखन साहू का पहली बार बिलासपुर आगमन पर जगह-जगह जमकर आतिशी का स्वागत हुआ। इस अवसर राम मंदिर तिलकनगर में अभिनंदन समारोह में कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए तोखन ने कहा कि मैं आपके बीच का छोटा सा कार्यकर्ता हूं। मैंने ग्राम पंचायत के पंच से राजनीति की शुरूआत की और आज आपके आशीर्वाद से लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में जाने



का सौभाग्य मिला और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता मोदी जी के मंत्रीमंडल मे सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता मेहनत करते हैं और कहां से कहां पहुंच जाते हैं, यह केवल भाजपा में हो सकता है। विधानसभा चुनाव में भूपेश की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का काम कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया और उसके बाद लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड मतों से विजयी दिलाया। कार्यकर्ताओं के मेहनत से ही 1 लाख 64 हजार मतों से मुझे जीत मिली और पूरे छत्तीसगढ़ का सम्मान करते हुए केन्द्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री के रूप में काम करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, इसलिए मैं छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से मोदीजी का इस मंच से धन्यवाद देता हूं। तोखन ने कहा कि यह संयोग कहिए कि हम और अरूण साव जी अच्छे मित्र है और साथ पढ़ाई किए हैं। आज केन्द्र में मुझे जिस विभाग का काम करने अवसर दिया गया है, प्रदेश में वह विभाग अरूण साव देख रहे हैं, इसलिए वे एक साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अब डबल इंजन की सरकार है और छत्तीसगढ़ में एक ही विभाग नहीं, बल्कि सभी क्षेत्रों में जितना ज्यादा विकास आपकी आशाओं के अनुरूप काम होगा। उन्होंने कहा बिलासपुर का गौरव बढ़े और छत्तीसगढ़ का मान-सम्मान बढ़े यह काम आप सबके मार्गदर्शन में करेंगे यह भरोसा दिलाता हूं।

इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, मोतीलाल साहू, डॉ. सियाराम साहू, कृष्णमूर्ति बांधी, भूपेन्द्र सवन्नी, जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लोकप्रिय प्रधानमंत्री की कैबिनेट में स्थान मिलना गौरव की बात

केन्द्रीय राज्य मंत्री बनने के बाद पहली बार शहर पहुंचे केन्द्रीय राज्य शहरी विकास एवं आवास मंत्री तोखन साहू का कहना है कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कैबिनेट में स्थान मिलना गौरव की बात है। उन्होंने क्षेत्र की जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद से ही उन्हें मंत्रीमंडल में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है।

- **जनता के आशीर्वाद से मंत्रीमंडल में शामिल होने का अवसर मिला- तोखन**

केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनने और केन्द्र सरकार में राज्य मंत्री बनाए जाने के बाद बिलासपुर लोकसभा सांसद श्री साहू सोमवार को पहली बार बिलासपुर पहुंचे। मोदी सरकार में उन्हें शहरी विकास एवं आवास राज्य मंत्री बनाया गया है। राज्य मंत्री श्री साहू इंटरसिटी एक्सप्रेस से दोपहर ठीक 2 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंचे, इसलिए काफी दिनों बाद समय पर ट्रेन पहुंचने के प्रश्न पर उनका कहना था कि अब डबल इंजन की सरकार है और इसी रफ्तार से ट्रेन भी दौड़ेगी। उन्होंने बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद से जीतकर मुझे लोकसभा जाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मंत्रीमंडल में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त हुआ है, इसलिए उनकी कोशिश होगी कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को मिल सके। उन्होंने बिलासपुर में हवाई सेवा का विस्तार के लिए चकरभाठा हवाई अड्डा की पहचान अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा के रूप में पहचान के लिए प्रयास करने तथा मुंगेली-लोरमी रेल लाइन परियोजना के लिए भी प्रयास करने की बात कही है।

### विकसित छग का निर्माण करना है- साव

कार्यक्रम में उपस्थित छग शासन के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि हम सबको मिलकर मोदी जी के सपने को पूरा करना है। विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और एक पंच के रूप में राजनीति की शुरूआत करने के बाद तोखन साहू आज केन्द्रीय राज्य मंत्री बने हैं। यह ऐतिहासिक जीत है और पहली बार बिलासपुर सांसद को केन्द्रीय मंत्रीमंडल में स्थान मिला है इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। यह कार्यकर्ताओं के मेहनत से ही संभव हुआ है।

### डबल इंजन से अब तीन इंजन सरकार बनाने का समय आ गया- अमर

पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि आज बिलासपुर के कार्यकर्ता अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि उन्होंने सांसद बनाया और प्रधानमंत्री मोदी जी ने उन्हें केन्द्रीय मंत्री बनाया इसके लिए प्रधानमंत्री जी को बहुत बहुत धन्यवाद। आजादी के बाद से पहली बार केन्द्र की राजनीति में केन्द्रीय मंत्रीमंडल में हमारे संसदीय क्षेत्र के सांसद तोखन साहू को बिलासपुर के इतिहास में केन्द्रीय मंत्री बनाए जाने पर बहुत-बहुत स्वागत करता हूं। उन्होंने बताया कि सन 1996 से बिलासपुर की जनता सदैव हमारे साथ खड़ी रही है, जिसमें कार्यकताओं का योगदान रहा है।

### छग के विकास को गति मिलेगी- कौशिक

पूर्व नेता प्रतिपक्ष बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक वोट 1 लाख 64 हजार के अंतर से जीतने वाले तोखन साहू को केन्द्रीय मंत्रीमंडल में जगह मिली है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और तोखन साहू का भी अभिनंदन करता हूं। भाजपा की सरकार ने विकास के दृष्टि से जो वादा किए हैं, उसे पूरा करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने प्रयास प्रारंभ कर दिया है। तोखन साहू केन्द्रीय मंत्रीमंडल में शामिल हो गए हैं जिससे में विकास को गति मिलेगी।

## तापमान 38 डिग्री पार हुआ

# बारिश के बाद उमस करने लगी हलाकान

**बिलासपुर।** मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। एक दिन पहले रविवार को झमाझम बारिश होने से तापमान औंधे मुंह गिर गया था और गर्मी गायब हो गई थी, परन्तु सोमवार को फिर मौसम कुछ खुल गया और तेज धूप निकलने से तापमान तेजी से बढ़ने लगा। रात तक गर्मी और उमस से लोग परेशान होते रहे। अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री है।

पिछले एक सप्ताह से मौसम में लगातार उतार चढ़ाव हो रहा है। कभी आसमान पर बादल छा रहे हैं, तो कभी तेज धूप निकल रही है, बीच बीच में बारिश भी हो रही है। रविवार को शहर और आसपास के इलाके में तेज बारिश हुई थी, इससे मौसम सुहाना हो गया था, तापमान तेजी से घटने के कारण गर्मी से राहत मिल गई थी, मौसम के तेवर देख लगने लगा था कि अब प्री मानसून



बारिश लगातार होती रहेगी, लेकिन सोमवार को फिर से मौसम बदल गया। आसमान पर छाए बादलों के छंटने से तेज धूप निकल आई और तापमान तेजी से बढ़ने लगा। दोपहर होते होते गर्म हवाएं चलने लगीं, जिससे उमस भी बढ़ गई। इससे एकबार फिर लोगों के घरों के एसी और कूलर चालू हो गए। इधर मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई है। इस सप्ताह मानसूनी गतिविधियां बढ़ेगी। इसके चलते गरज चमक के साथ वज्रपता भी होगी। सोमवार को दोपरह में तेज धूप के साथ उमस से लोग गर्मी से हलाकान हुए।

## बारिश को देखते हुए विभाग कर रहा मेंटनेंस

# बिना शेड्यूल बंद रही बिजली पेड़ों की कटाई छंटाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा क्षेत्र में दोपहर 11 बजे से बिजली बंद रही, इस दौरान जबड़ापारा, इरानी मोहल्ला और अन्य क्षेत्रों में बिजली कर्मचारियों के द्वारा पेड़ों की कटाई-छंटाई की गई। खास बात यह है कि बिना पूर्व सूचना के बिजली विभाग ने बिजली सप्लाई बंद कर मेंटनेंस कार्य में जुट गया, वहीं छुट्टी का दिन होने के चलते उपभोक्ताओं के रोजमर्रा के काम प्रभावित होते रहे। करीब सवा दो घंटे बाद बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी।

- **उपभोक्ताओं के रोजमर्रा के काम प्रभावित होते रहे**

बारिश सर पर है और बिजली विभाग लगातार मेंटनेंस में जुट चुका है। विभाग की ओर से सोमवार को सरकंडा क्षेत्र में ट्री कटिंग कराई गई, बिजली तारों पर झुल रहे पेड़ों को कटाने के लिए सुबह 11 बजे से डेढ़ बजे तक बिजली बंद रही। इस दौरान जबरापारा, ईरानी मोहल्ला व सरकंडा क्षेत्र के कई मोहल्ले में बिजली सप्लाई ठप रही। गर्मी और उमस के चलते लोगों को हलाकान होना पड़ा। छुट्टी होने के कारण बिजली उपभोक्ताओं को खासा परेशान होना पड़ा, दरअसल विभाग ने बिजली बंद के संबंध में उपभोक्ताओं को



सूचित नहीं किया था। सहायक यंत्री डीके साहू ने बताया कि बारिश के कारण पेड़ों की कटाई आवश्यक हो चुकी थी, लगातार फाल्ट की समस्या आ रही थी जिसके चलते बंद किया गया है, लेकिन घंटे भर में सप्लाई नार्मल की गई है।

## विदेशी मुद्रा सहित 32 हजार पार

# स्वागत करने गए तीन व्यापारियों की जेब कटी

**बिलासपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने रेलवे स्टेशन गए तीन व्यापारी पाकिटमारी का शिकार हो गए। भीड़ का फायदा उठाते हुए पाकिटमारों ने उनकी जेब से पर्स व विदेशी मुद्रा सहित 32 हजार रुपए चोरी कर लिया है।

- **केन्द्रीय मंत्री का स्वागत करने रेलवे स्टेशन गए थे व्यापारी**

तारबाहर पुलिस के अनुसार, टिकरापारा समता विहार कालोनी निवासी व्यापारी जितेन्द्र कुमार गांधी पिता स्व. एलएच गांधी ने रिपोर्ट लिखाई। वे अपने व्यापारी साथी राजू सलूजा, विष्णु गुप्ता के साथ 17 जून की दोपहर 3.15 बजे केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने रेलवे स्टेशन गए थे। इस दौरान भीड़ का फायदा उठाते हुए पाकिटमारों ने तीनों व्यापारियों की जेब से उनका पर्स चोरी कर लिया है। श्री गांधी की जेब से पर्स में रखा 15 हजार 500, विदेशी मुद्रा, यूरो, पाउण्ड, डालर कीमत 10 हजार 500, पेनकार्ड, आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, वोटर आईडी व श्री गुप्ता के पर्स में रखे 5 हजार रुपए, श्री सलूजा के पर्स में रखा 1 हजार रुपए, स्कूटी की चाबी चोरी कर लिया है। पुलिस ने श्री गांधी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। स्वागत के दौरान अग्रसेन चौक के पास कुछ कार्यकर्ताओं की जेब काटी गई। बताया जा रहा है कि 15 से 17 हजार रूपए की जेब कटने की शिकायत दर्ज की गई है। पाकिटमारी के शिकार कार्यकर्ताओं द्वारा सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत की गई है।

## मितान योजना के तहत 2.25 लाख से ज्यादा प्रमाण पत्र बनाए गए

# प्रमाण पत्र बनवाने दफ्तरों के चक्कर लगा रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जन्म, मूल निवासी, आय, जाति, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड समेत 44 तरह के प्रमाण पत्र बनाने के लिए पिछली सरकार ने 2021 में हमर सरकार-हमर द्वार के तहत मुख्यमंत्री मितान योजना शुरू की थी। 2023 तक यह योजना अच्छे से चली। बिलासपुर समेत राज्यभर में लोगों के घरों से दस्तावेज लाकर 2.25 लाख से ज्यादा प्रमाण पत्र बनाए गए लेकिन सरकार बदलते ही इस योजना ने दम तोड़ दिया है।

इस साल जनवरी से अब तक एक हजार प्रमाण पत्र नहीं बने। दस्तावेज बनाने के लिए लोग टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल भी करते हैं, लेकिन

### छह महीने से योजना ठप

फोन करने पर हितग्राहियों को नहीं मिल रहा रिस्पांस




दूसरी ओर से कोई रिस्पांस नहीं मिलता है। न तो घर आने के लिए अप्वाइंटमेंट बुक होता है और कभी अप्वाइंटमेंट बुक हो भी गया तो दस्तावेज लेने कोई घर नहीं आता। लोगों को पहले की तरह ही प्रमाण पत्र बनाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

कांग्रेस सरकार ने इस योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत स्वास्थ्य, परिवहन, समाज कल्याण, आदिम जाति समेत कई विभागों से बनने वाले कार्ड लोगों के घरों तक पहुंचाए जा रहे थे। अब यह योजना लगभग बंद हो गई है। इस योजना के तहत सबसे ज्यादा ड्राइविंग लाइसेंस लोगों के घरों में भेजे गए। अभी ड्राइविंग लाइसेंस बनने के बाद लोगों के घरों तक पहुंचने में एक महीने से ज्यादा का समय लग रहा है। योजना का ज्यादा फायदा सीनियर सिटीजन, दिव्यांगजनों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं को हो रही थी। उन्हें आफिसों में जाने की जरूरत नहीं पड़ती थी। सरकारी कर्मचारियों के दफ्तरों में नहीं मिलने की वजह से उन्हें कई बार वापस लौटना पड़ता है। इससे हजारों लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

### च्वाइस सेंटर्स में पैसे व समय दोनों ज्यादा लग रहे

मुख्यमंत्री मितान योजना बंद होने के बाद अब लोगों को फिर से च्वाइस सेंटर्स में जाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि सेंटर वाले प्रमाण पत्र बनाने के लिए ज्यादा पैसे मांगते हैं। इसके अलावा समय पर प्रमाण पत्र बनकर नहीं मिल पाता है। कई बार तो च्वाइस सेंटर वालों के साथ ही तहसील और निगम के कर्मचारियों को भी अतिरिक्त पैसा देना पड़ता है तभी वे प्रमाण पत्र बनाकर देते हैं।

### मितान योजना में ये प्रमाण पत्र बनवाते थे लोग

मितान योजना के अंतर्गत मूल निवासी, अनुसूचित जाति जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आय प्रमाण पत्र, भूमि रिकार्ड की नकल, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, आधार कार्ड पंजीकरण, आधार कार्ड में पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार, नया राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड ट्रांसफर/सरेंडर, राशन कार्ड सुधार, नया राशन कार्ड एपीएल, राशन कार्ड गुम केस, नया बीपीएल राशन कार्ड बनाने प्रमाण पत्र बनाने के लिए दस्तावेज लेने मितान घर तक आते थे।

### कंपनी ने कर्मचारियों की संख्या भी घटा दी

कंपनी ने कर्मचारियों की संख्या भी घटा दी है। उनका आरोप है कि सरकार से समय पर इसके लिए फंड नहीं मिल पा रहा है। इसलिए उनके स्टाफ को सैलरी भी नहीं मिल पा रही है। स्टाफ की भरपूर कमी है। इसलिए ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट बुक नहीं हो रहे।

### चुनाव आचार संहिता की वजह से काम प्रभावित हुआ

नगर निगम क्षेत्र में मितान योजना के तहत काम जारी है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव की आचार संहिता की वजह से काम प्रभावित हुआ था। कहां-कहां सुविधा नहीं मिल रही है, इसकी जानकारी लेकर उसे शुरू कराया जाएगा।

- शिव बनर्जी
अतिरिक्त कलेक्टर



17- JUNE- BSP- Pg- 2 FULL PAGE_Layout 1 6/17/2024 11:22 PM Page 1





## खबर संक्षेप

### प्रलेस की युवा काव्य गोष्ठी में कवियों ने जीवन के पहलुओं को किया रेखांकित



**बिलासपुर।** प्रगतिशील लेखक संघ की स्थानीय इकाई द्वारा युवा रचनाशीलता पर केंद्रित काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठी में शम्मी कुजूर, श्रुति सोनी और उपासना ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। इन कविताओं में अपने समय तथा परिवेश की स्थितियां, घटनाओं को बहुत ही प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। युवा रचनाकारों की कविताओं में जीवन के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित करने का रचनात्मक प्रयास दिखाई दिया। शम्मी कुजूर ने अपनी कविता में प्रकृति, मानवीय संबंध एवं भावनाओं का बहुत ही भावनात्मक चित्रण किया है। पेड़ कविता में कहा गया 'चिड़िया को सोने का पिंजरा नहीं चाहिए, उसे उड़ने के लिए खुला आसमान चाहिए'। वहीं 'मां कविता में मां के अपनत्व व पीड़ा को व्यक्त करते कहा कि 'सिल रही है मां घावों को, जैसे सिलती है फटे कपड़ों को'। कवि श्रुति सोनी ने प्रकृति पर केंद्रित मेरे गीत, परदा, पेड़, विरह रचनाओं का पाठ किया। उपासना, निहाल सोनी ने भी कविता पाठ किया। पठित रचनाओं पर रफ़ीक खान, मुश्ताक मकवाना, डा. अशोक शिरोडे सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे। नवोदित रचनाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में लखन सिंह, गौरव मंगरुलकर, मीना सोनी, पंकज सोनी, ओमप्रकाश भट्ट, जितेंद्र पांडेय, शिवानी सोनी, अभिषेक सोनी, ज़ीशान खोखर मौजूद थे।

### विजय लक्ष्मी व सुषमा को दिल्ली आर्ट आफ यूनिवर्सिटी ने किया सम्मानित

**बिलासपुर।** नगर की विजय लक्ष्मी शर्मा व उनकी पुत्री श्रीमती सुषमा पाण्डेय को दिल्ली आर्ट आफ यूनिवर्सिटी ने उनकी कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया है। इसमें विजय लक्ष्मी शर्मा को डाक्टरेट का सम्मान व ग्लोबल आईकान अवार्ड से सम्मानित किया गया है। वहीं उनकी पुत्री श्रीमती सुषमा शर्मा को नृत्य एवं गायन के क्षेत्र में डाक्टरेट की उपाधि से विभूषित किया गया है। 27 खोली की रहने वाली विजय लक्ष्मी शर्मा छत्तीसगढ़ लोक कला मंच लक्ष्मी के अंचरा एवं आर्केस्ट एवरग्रीन की संचालिका हैं। कविता एवं गद्य लेखन में तथा अभिनय के क्षेत्र में भी उनकी रुचि रही। कविता पाठन में राष्ट्रीय कवि गोष्ठियों में भी उनकी उपलब्धि रही। इसके लिए उन्हें दिल्ली आर्ट आफ यूनिवर्सिटी ने डाक्टरेट सम्मान व ग्लोबल आईकान अवार्ड से सम्मानित किया है।





### जिपं सीईओ ने कर्मचारियों को समय पर दफ्तर आने दिए निर्देश



**बिलासपुर।** जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान की अध्यक्षता में सीएमएचओ कार्यालय परिसर में आयुर्वेद विभाग बिलासपुर एवं मुंगेली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीईओ श्री चौहान ने चिकित्सकों से उनके कार्यक्षेत्र के बारे में चर्चा की एवं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर दफ्तर आने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसामान्य को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने कहा। विजन डाक्यूमेंट की कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने कहा। बैठक में डा. अनिल सोनी ने विभागीय गतिविधियों के बारे में बताया। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक संस्था में पर्याप्त मात्रा में औषधि उपलब्ध करा दी गई है। बारिश में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभाग के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं बिलासपुर और मुंगेली जिले के सभी आयुष चिकित्सक मौजूद थे।

# कॉलेजों में आज ओपन होगा एडमिशन का पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी मंगलवार को प्रवेश का पोर्टल ओपन करेगा। कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया 16 जून से शुरू हो जाती है, किन्तु 16 व 17 जून को अवकाश रहा, जिसके वजह से अब 18 जून को प्रवेश का पोर्टल ओपन होगा।

- **आनलाइन शुरू होगी प्रवेश के लिए प्रक्रिया**

नए सत्र में प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने पप्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत जारी कर दिया है। इसके अनुसार कालेजों में प्रथम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर में आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। नया शिक्षा सत्र हर साल 16 जून से शुरू होता है और उसी दिन से कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया भी चालू हो जाती है, लेकिन 16 जून को रविवार और 17 जून ईद का अवकाश पड़ गया, इसलिए अब अटल यूनिवर्सिटी 18 जून से अपना प्रवेश का पोर्टल ओपन करेगा। यूनिवर्सिटी द्वारा प्रवेश पोर्टल ओपन करने को लेकर आवश्यक तैयारी पहले से की जा रही है। वहीं उच्च शिक्षा विभाग से नए शिक्षा सत्र के लिए प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत जारी किया है। इसके तहत कालेजों में प्रवेश के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा आनलाइन फार्म जमा कराए जाएंगे, जिन कालेजों के जितने फार्म जमा होंगे, उन्हें उस कालेज को भेजा जाएगा। आनलाइन से प्राप्त आवेदनों में से प्राचार्य प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के नियमों के आधार पर प्रवेश प्रदान करेंगे।

अपरिहार्य कारणों से यदि आफलाइन आवेदन जमा करना हो तो आवेदक कालेज में प्रवेश के लिए प्राचार्य द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्र सहित कालेज में जमा करेंगे। प्रवेश के लिए बोर्ड, यूनिवर्सिटी द्वारा अंकसूची प्रदान न किए जाने की स्थिति में पूर्व संस्था के संबंधित प्राचार्य द्वारा प्रमाणित किए जाने पर बिना अंकसूची के आवेदन पत्र जमा किए जा सकेंगे।

### पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना में उत्तीर्ण छात्रों के लिए समय

विधि संकाय के अतिरिक्त अन्य संकायों के पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना में उत्तीर्ण छात्रों को पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना के परिणाम घोषित होने के 15 दिनों तक, संबंधित यूनिवर्सिटी के कुलपति की अनुमति के पश्चात गुणानुक्रम में प्रवेश की पात्रता होगी। विधि संकाय की कक्षाओं में गुणानुक्रम के आधार पर प्रवेश की पात्रता होने पर भी कालेज में स्थान रिक्त होने पर ही प्रवेश दिया जाएगा। बारहवीं कक्षा में पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भी स्थान रिक्त होने पर नियमित प्रवेश की पात्रता होगी।

### प्रवेश के दिन ही स्कूलों में पुस्तकों के साथ बांटा जाना है गणवेश

# स्कूल खुलने में सिर्फ 8 दिन शेष, शिक्षा विभाग में अभी तक नहीं पहुंचा गणवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासन ने भले ही भीषण गर्मी की बात करते हुए 18 जून से खुलने वाले स्कूलों का समय बढ़ाकर 26 जून कर दिया हो, लेकिन हकीकत ये है कि अब तक स्कूल शिक्षा विभाग में नए शिक्षण सत्र को लेकर कोई तैयारी ही नहीं हुई है।

हाल यह है कि स्कूलों के पट खुलने को केवल 8 दिन बचे हैं, लेकिन अब तक स्कूल शिक्षा विभाग के पास बच्चों के लिए गणवेश ही नहीं पहुंचा है। ऐसे में नया शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा, लेकिन सभी बच्चों को गणवेश नहीं बांटा जाएगा, क्योंकि स्कूल शिक्षा विभगा के पास गणवेश ही नहीं पहुंचा है। कुछ स्कूलों में बीते सत्र भी बच्चों को गणवेश नहीं मिले हैं। ऐसे में प्राइमरी स्कूल के अधिकांश बच्चों के पुराने गणवेश फट गए हैं, जिसके चलते स्कूल की शुरुआत बच्चे फटे, पुराने गणवेश पहनकर करेगें। कपड़ा यहां कब पहुंचेगा, कब टेंडर होगा और कब सिलाई के बाद बच्चों को वितरण होगा, यह कोई भी अधिकारी नहीं बता पा रहा है।




### तीनों ब्लॉक के संकुलों को नहीं मिला

शिक्षा विभाग के अफसरों की माने तो गणवेश की रायपुर से सप्लाई होती है। शिक्षा विभाग ने बिलासपुर जिले के सभी स्कूलों में बच्चों के लिए गणवेश की डिमांड पहले ही भेज दी है, लेकिन वर्तमान के केवल मस्तूरी ब्लॉक के कुछ स्कूलों में ही गणवेश पहुंचा है जबकि तखतपुर, बिल्हा और कोटा ब्लॉक के एक भी स्कूलों में अब तक पहुंच नहीं पाया है।

### दो सेट गणवेश होना है वितरण

निःशुल्क गणवेश वितरण योजना के तहत प्रायमरी, मिडिल स्कूल के बच्चों को दो सेट गणवेश वितरण किया जाता है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्रायमरी, मिडिल के एसटी, एससी, बीपीएल वर्ग के छात्रों एवं सभी बालिकाओं को गणवेश दिया जाता है। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा प्राथमिक शाला के एसटी, एससी बालिका व एपीएल बालक को तथा मिडिल स्कूल के एपीएल वर्ग के सभी बालक को गणवेश मिलता है। जिले में इन कक्षाओं में लगभग 1 लाख 65 हजार से अधिक बच्चे हैं। इसमें कई बच्चों को पिछले सत्र भी गणवेश नहीं मिल पाया था।

### जल्द पहुंचेगा गणवेश

जिले के स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या के अनुसार शासन को गणवेश के लिए डिमांड भेजी जा चुकी है। जल्द ही सभी स्कूलों में बच्चों के लिए गणवेश पहुंच जाएगा।

**-टीआर साहू,** डीईओ बिलासपुर।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर प्रतिभाओं का सम्मान

**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप की जन्म जयंती समारोह की श्रृंखला में रॉयल राजपूत संगठन ने मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन गत 15 जून को किया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वर्तमान विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि साहित्यकार एवं राष्ट्रकवि डा. बृजेश सिंह की उपस्थिति रही।

डा. बृजेश सिंह ने गद्य और पद्य दोनों ही विधाओं में 50 से अधिक ग्रंथों की रचना कर प्रसिद्धि पाई है। चार दर्जन से अधिक प्रतिष्ठित साहित्यिक व सामाजिक सम्मानों से सम्मानित हैं। सुधा सिंह, पूनम सिंह एवं रीता सिंह ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत श्रृंखला में संध्या सिंह, शकुन सिंह, मंजुला सिंह ने अमर अग्रवाल का पुष्प गुच्छ शाल श्रीफल एवं मोमेंटो भेंटकर स्वागत किया । अपर्णा सिंह, वंदना सिंह, कमलेश सिंह, सुधा सिंह ने राष्ट्रकवि डा. बृजेश सिंह का स्वागत किया। संगठन की जिला अध्यक्ष अपर्णा सिंह ने संगठन का उद्देश्य बताया। डा. बृजेश सिंह ने महाराणा प्रताप एवं अनेक राजपूती योद्धाओं के बलिदान से छात्रों को अवगत कराया। अमर अग्रवाल ने राजपूती शान के प्रत्येक आयाम की ओर सबका ध्यान दिलाया।



### इन प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

संगठन ने समाज के उन सभी बच्चों का सम्मान किया गया, जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90% से ज्यादा अंक हासिल किया। जिनमें रणजीत सिंह, प्रत्यक्षा सिंह, अमय सिंह, हर्ष सिंह, कैवल्य सिंह, खुशबू सिंह ,अलिश्का सिंह, अविरा सिंह, शिवम सिंह एवं प्रांजल सिंह हैं। प्रगति सिंह ने इस साल नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की। संगठन उन सभी बच्चों का सम्मान किया। इस कार्यक्रम में संगठन की संध्या सिंह, श्यामा सिंह, शकुंतला सिंह, स्वाति सिंह , सरिता सिंह, हेमलता सिंह, अपर्णा सिंह, नंदा सिंह, शीला सिंह, सुधा सिंह, वंदना सिंह, मंजुला सिंह,सुनीता सिंह, विजया सिंह, महिमा सिंह, शशि सिंह, कुसुम सिंह, कमलेश सिंह, पूनम सिंह, किरण सिंह, रंजू सिंह उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन स्वाति सिंह एवं रितु सिंह ने किया।

### सीजीपीएससी मेंस परीक्षा 24 से

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा की मुख्य परीक्षा (मेंस) की तारीख नहीं बदलेगी। परीक्षा 24 जून से ही शुरू होगी। सीजीपीएससी ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। दरअसल, मध्य प्रदेश सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 और वन सेवा परीक्षा 2024 उक्त तारीख को होने को लेकर कई अभ्यर्थियों ने सीजीपीएससी को आवेदन किया था, इसमें मेंस की तारीख में बदलाव करने की मांग की गई थी। पीएससी की ओर से सूचना जारी कर कहा है कि पूर्व निर्धारित तारीख के अनुसार ही मुख्य परीक्षा होगी। इस बार कुल 242 पदों पर भर्ती होगी। इसमें डिप्टी कलेक्टर से लेकर नायब तहसीलदार तक के पद हैं। मुख्य परीक्षा के लिए इस बार 3597 अभ्यर्थियों का चिंहित किया गया है। यह परीक्षा 24 जून से 27 जून तक होगी। कुल सात पेपर होंगे। 24 जून की सुबह नौ से होगी।

# तोखन का शहर पहुंचने पर हुआ भव्य आतिशी स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय शहरी विकास एवं आवास राज्य मंत्री बनने के बाद सोमवार को बिलासपुर सांसद तोखन साहू का पहली बार बिलासपुर आगमन हुआ। अपने संसदीय क्षेत्र में प्रथम आगमन पर तोखन का शहर में जगह-जगह आतिशबाजी, गाजे-बाजे एवं फूल-मालाओं से आतिशी स्वागत हुआ।

केन्द्रीय शहरी विकास एवं आवास राज्य मंत्री तोखन साहू दोपहर करीब दो बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस से रेलवे स्टेशन पहुंचे। तोखन के साथ रायपुर से प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव भी ट्रेन से बिलासपुर पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर ही बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला समेत भाजपा संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। स्टेशन से ही गाजे-बाजे के साथ जोरदार स्वागत हुआ। उसके बाद स्टेशन से केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन का काफिला शहर के प्रमुख मार्ग लिंकरोड होते हुए गुजरा। इस बीच रेलवे स्टेशन चौक, तारबाहर चौक, सीएमडी कालेज चौक, श्रीकांत वर्मा तिराहा, अग्रसेन चौक पर जमकर स्वागत हुआ। केन्द्रीय राज्य मंत्री का काफिला बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल के बंगला पहुंचा, वहां कुछ देर रूकने के बाद तोखन का काफिला नेहरू चौक पहुंचा, जहां बेलतरा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया।

### जिला उद्योग संघ ने किया स्वागत



**बिलासपुर।** सांसद तोखन साहू केंद्रीय राज्य मंत्री आवासीय एवं शहरी विकास के राज्य मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद पहली बार शहर पहुंचे। जिला उद्योग संघ ने उद्योग भवन सीएमडी चौक पर उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर श्री साहू ने उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि वे शहर विकास के साथ-साथ औद्योगिक समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उद्योगपतियों के साथ मिलकर उनकी समस्या का समाधान करेंगे। स्वागत करने वालों में छग लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, जिला उद्योग संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, सुनील मारदा, जितेन्द्र गांधी, शरद सक्सेना, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा, कोषाध्यक्ष राम सुखीजा, एनएस राजू, प्रकाश त्रिवेदी, शंकर मनचंदा, दिनेश शर्मा, नरेश सिंघानिया, नवनीत अग्रवाल, रितेश गुप्ता, राहुल चुंगानी, चंद्रशेखर नायक, अमर चावला, राजेश बतरा, जेके राव, बेनी गुप्ता, राजू सलूजा, किशोर पंजवानी आदि शामिल हैं।

### नीट पीजी अब 23 जून को

**बिलासपुर।** नीट पीजी अब 23 जून को आयोजित की जाएगी। लोकसभा चुनाव की वजह से इसकी तारीखों में बदलाव किया गया है। नीट पीजी की तारीख दूसरी बार बढ़ाई गई है। पहले यह परीक्षा 3 मार्च को होने वाली थी। जानकारों ने बताया कि कोरोना के पहले नीट-पीजी की परीक्षा जनवरी में आयोजित की जाती थी। इसे छह महीने तक आगे बढ़ा दिया गया था। वहीं अब फिर इसमें बदलाव किया गया है। इस वजह से स्टूडेंट्स का पूरा शेड्यूल बिगड़ रहा है। प्रदेश के छह सरकारी व दो निजी मेडिकल कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई हो रही है। इनमें करीब 518 सीटें हैं। अगले साल मेडिकल पीजी की 100 सीटें बढ़ने की संभावना है।

# ड्रग विभाग ने मारा छापा सैंपल लेकर भेजा लैब



**बिलासपुर।** जिले में आला अधिकारियों के आदेश के बाद ड्रग विभाग हरकत में आया है और मेडिकल दुकानों में छापामार कार्रवाई की गई है। इस दौरान जिले के 5 दुकानों में ड्रग इंस्पेक्टर ने छापा मारा है और सैंपल जब्त किए गए हैं। बताया जा रहा है कि प्रोटीन पॉवडर, मल्टीविटामिन सहित अन्य दवाओं के सैंपल जब्त कर रायपुर लैब भेजा गया है। जांच अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में इस तरह की जांच की गई है। यह रूटिन जांच है।

- **प्रोटीन पॉवडर, मल्टीविटामिन और अन्य दवाओं के सैंपल जब्त**

### रिपोर्ट आने में समय लगता है

हेड आफिस से जांच करने के निर्देश प्राप्त हुए थे, यह रूटिन वर्क है। जांच के दौरान प्राप्त सैंपल को लैब में भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने में समय लगता है।

**-रविन्द्र गेंदले**
ड्रग कंट्रोलर

### नहीं आती है रिपोर्ट सामने

भले ही ड्रग विभाग ने इन मेडिकल दुकानों में जांच को लेकर रूटिन वर्क की बात कह रहा है, लेकिन विभाग द्वारा लिए गए सैंपलों की जांच रिपोर्ट कभी भी सामने नहीं आती है। वहीं शहर में कई मेडिकल स्टोर में बिना रजिस्टर्ड मेंटनें किए बगैर शेड्यूल एच के संबंधित दवाओं की बिक्री की जाती है। वहीं ड्रग विभाग विभाग में 8 से अधिक ड्रग इंस्पेक्टर हैं, इसके बावजूद कार्रवाई के नाम पर गिनती के दुकानों तक ही पहुंच पाते हैं, जबकि हर माह जांच के आदेश पहले ही जारी किए गए हैं।



## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**पेंड्रा।** बलौदा बाजार जिले में जैतखाम का अपमान, जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आगजनी से सैकड़ों वाहन तथा शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाई गई। लचर कानून व्यवस्था का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस महामंत्री पुष्पराज सिंह ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बलौदा बाजार आगजनी घटना के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी जीपीएम के द्वारा 18 जून दिन मंगलवार को गांधी प्रतिमा स्थल हाई स्कूल के सामने दोपहर 11 बजे से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त प्रभारी शैलेश पांडे पूर्व विधायक बिलासपुर उपस्थित रहेंगे। जिले के कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता से धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

### एटीआर प्रबंधन व डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के प्रतिनिधियों की बैठक



**लोरमी।** एटीआर में विविध कार्ययोजना को साझा करने व उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के प्रतिनिधियों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अचानकमार टाइगर रिजर्व एवं बान्धवगढ़, कान्हा कॉरिडोर प्रबंधन का कार्ययोजना निर्माण, फेज 4 मॉनिटरिंग संबंधित प्रोटोकॉल को और सुदृढ़ करना, वन्यजीव के संख्या में बढ़ोतरी, टीसीपी निर्माण के मुख्य बिंदु आदि पर चर्चा की गई।

### कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

**मुंगेली।** पीएम मोदी 18 जून को किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किस्त की राशि अंतरित करेंगे। इस दौरान शाम 4 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष मुंगेली व विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिला व ब्लॉक स्तर के जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आमंत्रित करने निर्देशित किया है। साथ ही सभी मैदानी अमले को ग्राम स्तर पर से किसानों की सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किए जाने हेतु निर्देशित किया है। कृषि विभाग के उपसंचालक डीके ब्यौहार ने बताया कि विकासखंड स्तर के विभागीय कार्यालयों में किसानों को कार्यक्रम से वर्चुअली जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि पीएम किसान पोर्टल में नो योर स्टेटस का उपयोग कर बैंक खाते में हस्तांतरित की गई की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टोरेट में होगा जनदर्शन

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट में 18 जून से प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 12 बजे कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों और कार्यालय प्रमुखों को जनदर्शन कार्यक्रम में आवश्यक जानकारी के साथ अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए।

### पिता को टांगी से उतारा मौत के घाट, भाग रहा था केरल, गिरफ्तार

**कोरबा।** एक कलयुगी पुत्र ने अपने पिता की कुल्हाड़ी के पासे से हमला कर मौत के घाट उतार दिया और पुलिस को चकमा देकर केरल भागने की तैयारी कर रहा था लेकिन पुलिस की सूझ बूझ काम आयी और पुलिस ने उसे भागने से पहले ही धरदबोचा। बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोंदरो निवासी अशोक केंवट ने अपने पिता दिलचंद केंवट को टांगी के पासा से मारकर हत्या कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बालको अभिनवकांत सिंह के नेतृत्व में बालको पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी अशोक केंवट की तलाश में जुट गई। आरोपी केरल में इलायची के बगीचा में काम करता था घटना को अंजाम देने के बाद वह केरल भागने के फिराक में था।

## निधन

### रथकुंवर नोनिया



**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत के ग्राम गुड़ी निवासी श्रीमती रथकुंवर का 16 जून रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष नोनिया, रामचरण नोनिया की मां व उपेंद्र के दादी थीं।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बकरीद

# सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में अता की गई ईदुल-अजहा की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा

सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदुल-अजहा (बकरीद) की नमाज ईदगाह में अता की। सुबह से ही बारिश के बूंदाबांदी के बीच आसमान में छाए काले बादलों से ऐसा लगने लगा था कि एक बार फिर से तेज बारिश हो सकती है पर 7:30 बजते-बजते मौसम पूरी तरह से खुल चुका था। गर्मी की तपिश के बीच ईदगाह कोटा में सुबह 8:10 बजे ईदुल-अजहा की नमाज अता की गई।

सुबह 8:10 बजे मस्जिद-ताहा के पेश ईमाम गुलजार साहब के द्वारा ईद की नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद मुल्क की खुशहाली सहित आपसी सौहार्द के लिए दुवाएं मांगी गई। समाज के लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई देते हुए दिखाई दिए। नमाज के बाद कब्रिस्तान पहुंचकर लोग अपने रिश्तेदारों के कब्रों पर फूल-इतर पेश करते हुए दुवाएं की। ईद की नमाज के दौरान हर साल की तरह पुलिस जवानों की ईदगाह में मौजूदगी रही। इस मौके पर कमेटी कोटा के अध्यक्ष जनाब बशीर बेग, मदरसा कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद जावेद खान, उपाध्यक्ष जब्बार खान, सचिव अब्दुल गफ्फार खान, कोषाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज रजा, अमजद खान, मोईद कुरैशी सईद खान, अहमद कुरैशी, शेख सिराज, अशरफ कुरेशी, फिरोज खान, दादाभाई, बग्गू खान, शमीम खान (गोलू) हासिम अली, हसीन खान, रियाजत खान, अरमान खान, आमिर खान, अहमद हसन, शमीम खान, सदरुद्दीन खत्री, शाबिर अली, शमशुल खान, फिरोज खान, आरिफ मिर्जा, रज्जब खान अनवर खान, मिर्जा नईम बेग, रियाज खान, सुब्राती खान, रूबी खान, मिन्नु खान, आजम खत्री, अज्जू बागड़ी, हसन खान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों की मौजूदगी रही।



नमाज के बाद एकत्रित समाज के लोग।

### तखतपुर में मांगी अमन-चैन की दुआ



**तखतपुर।** नगर में मुस्लिम जमात ने आज ईद अल अजहा बकरीद का त्यौहार मनाया। ईदगाह में ईमाम गुलाम फरीद रिजवी ने नमाज अदा कराई। इस त्यौहार को त्याग और कुर्बानी के तौर पर मुस्लिम समाज के लोग मनाते हैं। साथ ही कुर्बानी के साथ नमाज अदा कर सलामती की दुआ की गई। नमाज अदा के बाद एक दूसरे को बकरीद की मुबारक बाद दिए तथा अल्लाह से अमन चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर कादिर खान, मुकीम अंसारी, कुद्दुस अंसारी, नईम खान, जैनूल खान, नदीम अंसारी, रफीक जायसी, रफीक ऐबानी, नजरूद्दीन जिंदरान, इकबाल ऐबानी, साबिर जायसी, निसार अंसारी, एजाज अंसारी, उमर कुरैशी, करीम कुरैशी, नट्टू जायसी, मिर्जा बेग, आरिफ ऐबानी, वसीम खान, सिराज जिंदरानी, अय्युब अंसारी, फिरोज खान, पप्पू अंसारी, नियाज अंसारी, अशहद खान, साहिल खान, गोलू खान सहित अन्य उपस्थित रहे।



### एक लाख 58 हजार की चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

दीवार फांदकर नगर में 1 लाख 58 हजार की नकबजनी के आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। वहीं चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का सामान व नकदी जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार रविलाल श्रीवास 70 साल ने लोरमी थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 14 जून को रात्रि 12 बजे हम सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। प्रातः 4 बजे सोकर उठा तो देखा कि मेरे कमरे का सामान बिखरा पडा हुआ था। लाइट जलाकर देखा तो टीन की पेटी का कुंदा उखडा हुआ था। पेटी खोलकर देखा तो पन्नी में रखे दो जोडी चांदी की पैरी लगभग 50 तोला, एक जोडी पटा वजनी 10 तोला, 3 जोडी बिछिया वजनी 2 तोला, कुल कीमती 50,000 एवं नकदी रकम 10,8000 को कोई अज्ञात व्यक्ति दीवार फांदकर चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर थाना लोरमी में 24 धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। इस संबंध मे वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस टीम गठित कर व घटना स्थल के आसपास व शहर के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। जिससे संदिग्धों के हुलिया व मुखबिरों की सूचना मिली कि लोरमी निवासी आनंद करिहार उर्फ सुड्डु साथियों के साथ चोरी के पैसों को खर्च करते घूम रहा है। जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोस्त दशरथ वर्मा, आकाश कुंभकार के साथ 14 जून की रात्रि में रविलाल श्रीवास के घर से चोरी करना बताया। आकाश कुंभकार व दशरथ वर्मा से पृथक पृथक पूछताछ में चांदी व नकदी चोरी करना स्वीकार किए। तीनों आरोपियों ने मिलकर उक्त चांदी व रकम को बंटवारा कर रूपए को खर्च करना स्वीकार किए। पुलिस ने आरोपियों आनंद करिहार उर्फ सुड्डु पिता शिवा करिहार उम्र 21 साल, आकाश कुम्भकार उर्फ अक्कु पिता मनहरण कुम्भकार उम्र 19 साल, दशरथ वर्मा उर्फ रामशंकर पिता प्यारे लाल उम्र 20 साल सभी निवासी लोरमी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया।



### सरस्वती शिशु मंदिर में दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला

**लखराम।** संकुल स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाल सरस्वती शिशु मंदिर लखराम में सम्पन्न हुआ। जिसका उद्देश्य सत्रारंभ से ही आचर्यों को सक्रिय कर सर्वागिण बाल विकास एवं एनईपी की तरह क्षमता विकसित करना है। जिससे वर्तमान आवश्यकतानुरूप भैया बहनों का विकास हो सके। कार्यक्रम में प्रान्त प्रमुख संतोष कुमार निषाद ने बताया कि विद्याभारती के पांच आधारभूत विषयों के प्रतिपादन से अन्नमयकोश, प्राणमयकोश, मनोमयकोश, विज्ञानमयकोश, आनंदमयकोश का विकास होता है। प्रशिक्षण प्रमुख प्राचार्य दीनदयाल यादव ने अंग्रेजी शिक्षण में आचायों की परिपक्वता, नई शिक्षा नीति की संरचनात्मक ढांचा आदि पर जानकारी दी।

### एफएलएन प्रशिक्षण शिविर का संयुक्त संचालक ने किया निरीक्षण

- आत्मानंद स्कूल सकरी में चल रहा एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सकरी।** मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता' (एफ एल एन) के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासन द्वारा किया गया है इसी कड़ी में तखतपुर ब्लॉक के आत्मानंद स्कूल सकरी में भी प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है जिसमें बच्चों में भाषाई एवं गणितीय कौशल के विकास की लक्षित दक्षता को प्राप्त करने के सटीक तरीको की जानकारी शिक्षकों को दी जा रही है । इस दौरान संयुक्त संचालक शिक्षा आर.पी. आदित्य ने प्रशिक्षण शिविर का औचक निरीक्षण किया। सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि बच्चों में अपेक्षित दक्षता, निर्धारित समय सीमा में विद्यालय में प्रशिक्षण अनुरूप कक्षा का संचालन, शिक्षण कार्य ही इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य है। इसे हम पूरे करे तभी इस प्रशिक्षण की सार्थकता होगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र शुक्ला ने सरलता से सीखने के तरीके, अध्यापन की बारीकिया सहित प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। एबीईओ सूर्यकांत ने मनोयोग से प्रशिक्षण लेने की बात कही। सुरेश पाण्डेय, अमरदीप शर्मा, कलेश्वर साहू, अजय तिवारी, मनोरमा बर्मन, संतोषी यादव, प्रशिक्षण प्रभारी सीमा त्रिपाठी, जीपी उपाध्याय, राजेश चौबे, संजीव कुर्रे, सतीश जायसवाल ने भी प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया और अध्यापन के गुणों को प्रशिक्षार्थियों को समझाया।

### मानसून की दस्तक से चरमराई बिजली व्यवस्था, परेशानी



**मरवाही।** मानसून की दस्तक के कारण शाम को जोरदार आंधी व बारिश से बिजली व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई। तीन चार घंटे लाइट बंद होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सोमवार को आंधी का केंद्र चिचगोहना ग्राम था। ग्राम के तीन रास्ते बड़े बड़े पेड़ गिरने से जाम हो गए। जबकि एक रास्ता शुरू है। डॉ शिवप्रताप राय ने बताया कि चिचगोहना, घुसरिया, बरझोरकी के जंगल में बड़े बड़े पेड़ जड़ सहित उखड़ गए है। पंकज राय, डॉ राय, चुमान राय, उत्तम के यहां बनाए गए शेड तहस- नहस हो गए हैं। घर के बाहर रखा पानी भरा कूलर तेज हवा से 50 मीटर दूर जा गिरा। थाने के सामने सब्जी दुकान पर नीम की डगाल गिरने से तिरपाल अस्त व्यस्त हो गया।

### पेंड्रा में मनी गायत्री जयंती व गंगा दशहरा पर्व

**पेंड्रा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा शाखा डिवाइन ग्रुप दिया ने 16 जून को शंकर मंदिर पेंड्रा में गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा पर्व मनाया। शाम 4 बजे अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर गायत्री मंत्र के उच्चारण से पर्व पूजन के सांथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश बलभद्र ने किया।

कृष्ण प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि मां गायत्री सभी वेदों की माता है। इसलिए गायत्री को वेद माता कहा गया है। गायत्री मंत्र के उच्चारण से मनुष्य के अंदर प्रखरता तेजस्विता आती है, गायत्री अर्थात सद्बुद्धि ,गायत्री अर्थात चेतना,गायत्री अर्थात सत्कर्म जो निरंतर सन्मार्ग की ओर प्रेरित करती है। कार्यक्रम में डिवाइन ग्रुप दिया मंडल के जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें जिला मंडल संचालक दिया का दायित्व मुकेश जायसवाल, जिला संयोजिका कंचन सिंह, जिला सहसंयोजक सुनीता रजक, जिला कोषाध्यक्ष सुषमा साहू, जिला कार्यक्रम प्रभारी प्रज्ञा वर्मा, नारी जागरण प्रकोष्ठ सरिता राठौर, जिला प्रचारक प्रीति त्रिवेदी, जिला सह प्रचारक मनोज साहू, जिला मीडिया प्रभारी नवीन विश्वकर्मा, भा.सं. ज्ञान परीक्षा प्रमुख मथुरा सोनी, ब्लॉक संयोजक रेखा राठौर, ब्लॉक सह प्रभारी कु .निधि राठौर, प्रचारक रवि राठौर, ब्लॉक पेंड्रा संयोजक अनीता केवट, सह प्रभारी साक्षी साहू, प्रचारक किरण जयसवाल, ब्लॉक संयोजक रमेश नेताम, सह प्रभारी सरिता नायक, मंडल प्रमुख संरक्षक के रूप में डॉक्टर पीएल साव, हर्ष छाबरिया, मथुरा सोनी, चंद्रिका वर्मा, सुमन यादव, गोलवती उईके, विजय वर्मा रहेंगे। कार्यक्रम में सागर पटेल जिला संयोजक बजरंग दल, आनंद साहू, प्रेमा केसरी, सावित्री श्रीवास, संतोषी साहू, प्राची श्रीवास्तव, निशा वर्मा, रामदुलारे राठौर, नत्थू प्रसाद गुप्ता, पूजा पवार, आशा नागवार, शांति पेंद्रो, शैलेश सोनी, ज्योति गुप्ता, रानी यादव, राम बहादुर, शैलेश जयसवाल, लक्ष्मण रजक, श्वेता मिश्रा, प्रकाश साहू आदि सम्मिलित हुए।




### बैंक जाने के नाम पर निकली विवाहिता मासूम के साथ लापता

**कोरबा।** अपने 4 वर्षीय मासूम बच्चे के साथ बैंक जाने के नाम पर निकली विवाहिता महिला लापता हो गई है परिजनों ने इसकी गुमशुदगी की सूचना पाली थाने दर्ज करा दिया है। पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिल्ली निवासी भानु प्रताप यादव की पत्नी श्रीमती बबीता यादव 38 वर्ष 12 जून की सुबह 10 बजे अपने 4 वर्षीय पुत्र लक्ष्य प्रताप यादव को साथ लेकर यूनियन बैंक पोड़ी जाने के नाम पर घर से निकली है। उसके बाद उसका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने सभी संभावित स्थानों पर रिश्ते नाते में खोज खबर की लेकिन कोई पता नहीं चल पाया है। पति भानु ने पाली थाने में इसकी लिखित सूचना दर्ज करा दी है। उसने बताया कि उसकी पत्नी का रंग सांवला, नीले कलर की साड़ी ब्लाउज, गले में मंगलसूत्र पहनी हुई है। दाहिने हाथ में गोदना से भानु लिखा हुआ है ।

### साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**पेंड्रा।** साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद राकेश चतुर्वेदी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में नाट्य रूपांतरण व वीडियो के द्वारा लोगों को वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न तरीकों के विषय में जागरूक किया गया। इस दौरान 150 महिलाएं उपस्थित रहीं। इस मौके पर कंपनी प्रमुख आशीष पाण्डेय, रंजीत छन्दकार, अजय गौतम, वीरपाल, गंभीर सिंह आदि मौजूद थे। फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया से पंजीकृत एक गैर बैंकिंग वित्तीय संस्था है। फ्यूज़न वंचित वर्ग तथा दूर दराज के गांवों व कस्बों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के महिला उद्यमियों को ऋण प्रदान करती है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 19.12.2023

प्रति,
1. आवेदक मीनाक्षी सन्याल निवासी मगरपारा आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
2. गिरधारी लाल कश्यप

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक / तह./ ना.तह. /वा./2024 बिलासपुर, दिनांक / /2024

ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 661/10 रकबा 10 (डिसमिल) हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका मीनाक्षी सन्याल पिता/पति अशोक कुमार सन्याल के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में गठित दल के द्वारा उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 18/06/2004 को समय - 11:00 बजे से किया जाना है । आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

राजस्व निरीक्षक
सरकण्डा

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल - जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**// सूचना पत्र //**

क्रमांक / क / सीमांकन / रा.नि./2024
जूना बिलासपुर दिनांक 06/06/2024

प्रति,
1. आवेदक संतोक चंद गुल्गुलिया पिता पन्नालाल
2. संजय अग्रवाल 3. एमरैण्ड होटल

विषय :- सीमांकन के समय स्थल पर उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ :- न्यायालय अति / नायब तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन कमांक / क / तह. / ना. तह. / वा. / 2024 बिलासपुर दि. 22.03.24

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक संतोक चंद गुल्गुलिया पिता पन्नालाल निवासी गुढ़ियारी रायपर बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 493/1 रकबा 0.020 भूमि का छ.ग.भू.रा.संहित 1959 की धारा 129 के तहत सीमांकन किए जाने हेतु न्यायालय अति./नायब तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 20/06/2024 को समय 12.00 बजे से 5.30 बजे के मध्य किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आपको सूचित किया जाता है कि उक्त नियत तिथि को समय पर स्थल पर भूमि संबंधित समस्त दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी।

टीप :- आवेदक सीमां चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

राजस्व निरीक्षक,
जूना बिलासपुर
तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2023-24

पक्षकार प्रहलाद बेरा पिता भुवन बेरा वगैरह ..........आवेदकगण

बनाम

ऋषभ जाजोदिया पिता स्व. सुदेश कुमार जाजोदिया वगैरह.......... अनावेदकगण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण प्रहलाद बेरा पिता भुवन बेरा वगैरह निवासी आर.के. बूट हाउस गली तेलीपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसानगंज शीट नं. 20 प्लाट नं. 22/2,24/2,25/2,26/2,27/2 रकबा 7115 भूमि स्थित है । उक्त भूमि पर निर्मित परिसर सरस्वती प्लाजा के भूतल के प्रकोष्ठ क्रमांक जी.एस.-8 रकबा 118 व.फु. को अनावेदकगण ऋषभ जाजोदिया पिता स्व. सुदेश कुमार जाजोदिया से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 10.05.2024 के आधार पर क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 04/07/2024 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 13/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

### डीईओ ने विद्यालय में उपयोगिता पर दिया मार्गदर्शन, शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**मुंगेली।** एफएलएन प्रशिक्षण का प्रथम चरण संपन्न हुआ। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण के पूर्व 2 से 7 जून तक ऑनलाइन प्रशिक्षण भी कराया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने जोन 1 व 2 में पहुंचकर विद्यालय में उपयोगिता पर मार्गदर्शन दिए। साथ ही प्रशिक्षण में जिला समन्वयक सामग्र शिक्षा, बीईओ का भी सहयोग मिला।



एससीईआरटी सुनील मिश्रा व अन्य अधिकारी भी प्रशिक्षण मैं ऑनलाइन जुड़कर प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण का महत्व बताया गया। बीआरसी लोरमी डीसी डाहिरे ने राजीव गांधी शिक्षा मिशन, शिक्षा अभियान, समग्र शिक्षा शिक्षा नीति 1968, 1986, 1992, 2020 को विस्तार पूर्वक बताया गया। नई शिक्षा नीति, कक्षा 1, 2, 3 में भाषा व गणित के कौशल, पठन, लेखन, वाचन, मूल्यांकन, स्कूल रेडिनेस, ईजादुई पिटारा, नवा जतन आदि पर विस्तृत व सारगर्भित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूके शर्मा एपीसी, आकाश परिहार एपीसी, संजय कुमार साहू एपीसी, सजेस प्राचार्य पीसी दिव्य, कोर ग्रुप से दिनेश चतुर्वेदी, एसआरजी रामायण राजपूत, अन्नपूर्णा परिहार, जितेंद्र वैष्णव, रामेश्वर प्रसाद साहू, चंद्रशेखर उपाध्याय, गजपाल साहू, ब्रजेश्वर मिश्रा, अमिताभ शर्मा, रविकांत गोस्वामी, गौकरण डिंडोले, जिलाराम यादव, गणेश राम गुप्ता उपस्थि थे।

### नाले के किनारे युवक की मिली थी लाश, हुई पहचान

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरगानाला के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था उसकी पहचान बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लेपरा निवासी पवन सारथी 20 वर्ष के रुप में की गई है। बताया जाता है कि वह पिछले 5 महीने से बोर गाड़ी में काम करता था और वह दरगानाला में कैसे पहुंचा यह परिजनों को भी समझ नहीं आ रहा है। संभावना जताई जा रही है कि पवन की हत्या कर नाले में लाश को ठिकाने लगाया गया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



17- JUN- BSP- PG-5 ZINDAGI_Layout 1 6/18/2024 12:41 AM Page 1

बिलासपुर, मंगलवार 18 जून 2024

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## रेलवे में चल रहे समर कैंप का रंगारंग समापन

# बच्चों ने किया नृत्य, गायन वादन, योग का प्रदर्शन





रेलवे नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में चल रहे समर कैंप के समापन समारोह में कैंप के दौरान तैयार हुए नाटक, नृत्य, गायन, वादन एवं योग का प्रदर्शन किया गया। वहीं अग्रज नाट्य दल के रंगकर्मी एवं नाट्य शिविर के प्रशिक्षक अरुण भांगे के निर्देशन में बाल नाटक 'भिखारिन' की प्रस्तुति दी गई। यह नाटक रविन्द्र नाथ टैगोर की कहानी पर आधारित था।

**बिलासपुर।** नाट्य प्रस्तुति में बाल कलाकार साक्षी हथगेन, फिओना दास, निलेश तिवारी, बिनाइशा दास, पुष्पेंद्र साहू, आदर्श प्रजापति, नीरज यादव ने अभिनय किया। कंचन दास, राजेश्वरी राजपूत, मातृका साहू ने नाट्य प्रस्तुति में अपना सहयोग प्रदान किया। उपस्थित अतिथियों, दर्शकों और आयोजकों द्वारा बाल कलाकारों के अभिनय को ख़ूब सराहा गया। 15 दिवसीय बाल नाट्य शिविर में बच्चों को रंगमंच एवं अभिनय का प्रशिक्षण तो मिला ही, साथ ही यह शिविर बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए भी कारगर सिद्ध होगा। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सी. नवीन कुमार, हेमंत परिहार, राजा गुरुंग का सहयोग रहा।

## एग्जाम अपडेट

### यूजीसी की परीक्षा आज, ग्रेजुएशन लास्ट सेमेस्टर के अभ्यर्थी होंगे शामिल

**बिलासपुर।** यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन मंगलवार को किया जा रहा है। यह परीक्षा शहर के 10 केन्द्रों में होगी। इस परीक्षा में 83 विषयों से सबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा ओएमआर-पेन एंड पेपर मोड में देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। एनटीए ने नेट एडमिट कार्ड में एग्जाम गाइडलाइन्स भी जारी किया है, परीक्षा में इस बार बड़े बदलाव हुए हैं। यूजीसी नेट परीक्षा में पहले बदलाव के तहत चार साल के ग्रेजुएशन अथवा आठ सेमेस्टर के यूजी कोर्स में पढ़ रहे अंतिम सेमेस्टर के अभ्यर्थी भी जून में होने वाली परीक्षा के लिए योग्य माने जाएंगे। दूसरे बदलाव के तहत चार साल का यूजी कोर्स कर रहे अभ्यर्थियों को भी विषय में नेट की परीक्षा देने की सुविधा होगी। गौरतलब है कि इससे पूर्व ओएमआर बेस्ड परीक्षा 2018 में बंद कर दिया गया था और सीबीटी बेस्ड मोड में परीक्षा आयोजित हो रही थी।

#### आधा घंटा पहले पहुंचना होगा

नेट परीक्षा केंद्रों पर उम्मीदवारों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम आधा घंटा पहले पहुंचना होगा। साथ ही अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के साथ ही वैलिड फोटो पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी कार्ड, पैन कार्ड या आधार कार्ड भी साथ लाना होगा। कोई भी उम्मीदवार परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, गैजेट, मोबाइल फोन, इयरफोन आदि लेकर न जाएं।

#### इन केंद्रों में होगी परीक्षा

वर्ष में दो बार आयोजित यूजीसी-नेट जून-2024 के लिए शहर में बने 10 परीक्षा केंद्रों में डीपी विप्र लॉ कॉलेज, डीपी विप्र एजुकेशन कॉलेज, गर्ल्स डिग्री कॉलेज, द जैन इंटरनेशनल स्कूल, सेंट जेवियर सहित अन्य केन्द्र बनाए गए हैं। पीएचडी में प्रवेश के लिए अब विश्वविद्यालयों में आयोजित प्रवेश परीक्षा नहीं बल्कि यूजीसी नेट के स्कोर यानी मेरिट को ही आधार माना जाएगा। यह नई व्यवस्था जून-2024 के यूजीसी नेट परीक्षा से लागू की जा रही है।

# बच्चों को डांस, आर्ट एण्ड क्राफ्ट सिखाया, कराई गई अन्य एक्टिविटीज

जूना बिलासपुर में बच्चों के लिए तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें डांस, ड्राइंग, आर्ट एण्ड क्राफ्ट सहित अन्य कई प्रकार की एक्टिविटीज से बच्चों को पारंगत किया गया। शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहने आसान तरीक़े बताए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल, मां सरस्वती की फोटो पर फूलों की माला पहना, दीप प्रज्वलित व आरती कर किया गया। हाईटेक महिला विंग की अध्यक्ष मोनिका सिदारा ने बताया कि इस समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी भाषा व संस्कृति से जोड़ना, बड़ों का आदर, संस्कार देना रहा। डांस क्लासेस सान्या गोविन्दानी, एकता पोपटानी व कन्हैया सिदारा ने ली। आर्ट क्राफ्ट की क्लासेस नेहा और अन्य क्लासेस महिला विंग ने ली।

### जूना बिलासपुर में चल रहे तीन दिवसीय समर कैंप का समापन



#### अतिथियों ने किया बच्चों को पुरस्कृत

कार्यक्रम के आखिरी दिन हाईटेक आदर्श पूज्य सिंधी पंचायत जूना बिलासपुर के अध्यक्ष आनंद लालवानी, पूर्व अध्यक्ष श्याम हरियानी, सेंट्रल पंचायत महिला विंग की अध्यक्षा कविता मंगवानी, पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी मेहानी, पूर्व नगर अध्यक्ष कंचन मलघानी, पूज्य सिंधी बिरादरी पंचायत महिला विंग की अध्यक्ष नीलू गिदवानी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राजकुमारी मेहानी ने बच्चों को मिलजुलकर रहने व अपनी भाषा में बात करने की प्रेरणा दी। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करने उन्हें पुरस्कार दिए। कैंप के आयोजक हाईटेक आदर्श पूज्य सिंधी पंचायत महिला विंग ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत और गिफ्ट देकर सम्मान किया।



#### इनका रहा सहयोग

इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में हाईटेक महिला विंग की अध्यक्ष मोनिका सिदारा, ख़ुशबू जैसवानी, मनीषा संभनानी, सुनीता हिरवानी, ज्योति नारवानी एवं भाव्या मोटवानी का विशेष सहयोग रहा।

## महोत्सव

### वन्दे मातरम मित्र मंडल 103 सदस्यों के साथ लेह रवाना



**बिलासपुर।** वन्दे मातरम मित्र मंडल के 103 सदस्य सोमवार को राजधानी एक्सप्रेस से केसरिया जैकेट पहनकर हाथ में तिरंगा लिए नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इनमें 40 महिलाएं भी शामिल हैं। मित्र मंडल के संयोजक महेन्द्र जैन ने बताया कि 18 जून को वन्दे भारत एक्सप्रेस से जम्मू जाएंगे और 19 जून की सुबह जम्मू से बसों से गुलमर्ग, सोनमर्ग, कारगिल, पेंगांग होते हुए 23 को लेह पहुंचेंगे। यहां लेह में तीन दिवसीय सिन्धु महोत्सव में सम्मिलित होंगे। 27 जून को मनाली, कुरुक्षेत्र होते हुए 1 जुलाई को संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से वापस बिलासपुर पहुंचेंगे। महोत्सव में सम्मिलित होने पूरे देश से 2 हजार लोग आ रहे हैं, जिनके आवास एवं भोजन की व्यवस्था सिन्धु दर्शन यात्रा समिति की ओर से की गई है। यात्रा में जाने वालों में प्रमुख रूप से प्रदीप देशपांडे, महेंद्र जैन, अरविंद गर्ग,प्रफुल्ल मिश्रा, राजेश जायसवाल, रमेश चौधरी, राजकुमार अग्रवाल, रामकुमार वस्त्रकार, श्याम भाई पटेल, रामचंद्र दुबे, रूपचंद दुबे, नरेंद्र किशोर शर्मा, अनिल किशोर प्रसाद, डॉक्टर एस के दत्ता, डॉक्टर गौरी दत्ता, परमेश्वर सोनी, गौतम प्रसाद साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में लोग शामिल हैं।

#### मानसरोवर यात्रा शुरू करने दोहराएंगे मांग

जैन ने बताया कि सिन्धु महोत्सव में गुलाम कश्मीर का भारत में विलय के साथ लेह से कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू करने की मांग भी दोहराएंगे। देश के विभिन्न क्षेत्रों से 2000 राष्ट्र भक्त श्रद्धालु 23 जून को लेह पहुंच रहे हैं। महोत्सव में दो विशाल तिरंगे भी लाए जा रहे हैं। एक लेह में फहराने के बाद कश्मीर प्रशासन को सौंपा जाएगा। दूसरा दिल्ली में केंद्रीय मंत्री को सौंपा जाएगा। ऐसा कर तिब्बत को चीन से आजाद करवाने एवं गुलाम कश्मीर को पाकिस्तान से वापस लेने के संकल्प को दोहराया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को विदाई देने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उन्होंने फूल मालाओं, पुष्प गुच्छ देकर तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें विदा किया। इस अवसर पर डॉ गायत्री पांडेय, एसएन तिवारी, शैलेंद्र प्रसाद, पार्षद श्रद्धा जैन, कमल जैन, जैन समाज के अध्यक्ष दीपक जैन, जयप्रकाश लाल, बालगोविंद अग्रवाल, पूर्णिमा पिल्ले, मुरलीधर रावलानी, मनहरन लाल वर्मा, महेंद्र पटनायक, सुनील बड़जात्या, रामसुशील पांडेय, अशोक त्रिपाठी सुनील पांडे दीपक पटेल अंकित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### निर्जला एकादशी आज : सुबह से देर रात्रि तक शुभ संयोग

# स्वाति नक्षत्र और विशाखा नक्षत्र में बन रहे शिव, त्रिपुष्कर व स्वाति योग



#### जानिए कब, कौन से योग

- त्रिपुष्कर योग : 18 जून दोपहर 3.56 से 19 जून सुबह 5.24 तक
- शिव योग: सुबह से लेकर रात 9 बजकर 39 मिनट तक
- स्वाति नक्षत्र : दोपहर 3 बजकर 56 मिनट तक



**बिलासपुर।** निर्जला एकादशी का व्रत मंगलवार को किया जाएगा। ये व्रत जल और अन्न का त्याग कर किया जाता है। ज्येष्ठ माह में गंगा दशहरा के एक दिन बाद निर्जला एकादशी आती है। निर्जला एकादशी पर बन रहे शुभ संयोग कई राशियों के जीवन में सुख के पल लाने वाले हैं। शास्त्रों में निर्जला एकादशी को मोक्ष प्रदान करने वाला व्रत माना गया है। इसके फलस्वरूप व्यक्ति समस्त भौतिक सुखों को प्राप्त कर मृत्यु के बाद स्वर्ग में स्थान पाता है। निर्जला एकादशी पर इस बार स्वाति नक्षत्र और विशाखा नक्षत्र में एक साथ 3 शुभ योग बन रहे हैं। रात 9 बजकर 39 मिनट तक शिव योग बना है। उसके बाद सिद्ध योग बना है। सिद्ध योग में व्रत करना घर में धन वृद्धि करवाने वाला माना गया है। इसके अलावा दोपहर में 3 बजकर 56 मिनट से लेकर अगले दिन सुबह 5 बजकर 24 मिनट तक त्रिपुष्कर योग बना है। इन शुभ योग में निर्जला एकादशी का व्रत करने से परम पुण्य फल की प्राप्ति होती है। जो लोग धन की कमी से जूझ रहे हैं उनके लिए निर्जला एकादशी का व्रत बहुत ही शुभफलदायी माना गया है।

#### शीतलता प्रदान करने वाली वस्तुओं का दान

हिंदू पंचांग के अनुसार साल में 24 एकादशी होती हैं और सभी का विशेष धार्मिक महत्व होता है। एकादशी तिथि पर प्रमुख तौर पर नारायण यानी भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इन सभी एकादशी में से कुछ का महत्व बेहद खास होता है और इन्हीं में से एक है निर्जला एकादशी। मान्यता है कि निर्जला एकादशी पर व्रत करने वाले व्रती को साल की बाकी 23 एकादशियों का व्रत करने के बराबर पुण्य की प्राप्ति होती है। ग्रीष्म काल में पड़ने वाली निर्जला एकादशी पर दान करने का सर्वाधिक महत्व होता है। यह व्रत ज्येष्ठ मास में पड़ने के कारण शीतलता प्रदान करने वाली वस्तुओं का दान करना सबसे शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस महीने में तेज गर्मी पड़ती है और सूर्य अपनी पूर्ण गर्मी पर होता है। इसलिए निर्जला एकादशी पर गर्मी से राहत दिलाने वाली वस्तुओं का दान करना सबसे शुभ माना जाता है।

कला निकेतन हॉल एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण के तहत एक महीने की कार्यशाला लगाई गई। इसमें बिलासपुर की कठपुतली एवं नाट्य कला मंच द्वारा कठपुतली कला का प्रदर्शन कर बच्चों एवं उपस्थित अन्य सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कठपुतली नृत्य का बच्चों ने जमकर मजा लिया और उनके साथ ठुमके भी लगाए।



### नृत्य पर बच्चों, बड़ों ने लगाए ठुमके, सभी ने लिया आनंद

# कठपुतली कला के माध्यम से दी गई बाल अधिकार की जानकारी



**बिलासपुर।** मंच की प्रमुख किरण मोइत्रा ने बताया कि बच्चों के बीच बालिका सशक्तिकरण गीत की प्रस्तुति देकर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। आकर्षक कठपुलियों के माध्यम से बाल अधिकार, गुड टच बैड टच, मोबाइल, परिवार की वैल्यू, स्वच्छता अभियान और पोषण आहार को लेकर बच्चों को जागरूक किया गया। शिक्षाप्रद व संदेशात्मक गीतों के साथ कठपुतलियों का डांस करवाया गया। जिसमें बालिकाओं के साथ ही अधिकारी और शिक्षक भी झूम उठे। इससे माहौल एकदम आनंदमयी बना रहा। बच्चियों ने खेल-खेल में शिक्षा, कला, मनोरंजन एवं अपने अधिकारों के बारे में जाना। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रवीण भारती, साधना पांडेय सहित अन्य सभी लोगों ने कठपुतली शो को बेहतर बताया और टीम की इस प्रयास की सराहना की।

#### गांवों में दी जाएगी योजनाओं की जानकारी

बिलासपुर की एकमात्र कठपुतली टीम किरण मोइत्रा द्वारा संचालित है। इनके प्रयास से जन-जन तक शिक्षा और शासकीय योजनाओं की जानकारी कठपुतली शो के माध्यम से दी जा रही है। पहले इस शो का संचालन किरण मोइत्रा की सास स्व. नीलिमा मोइत्रा करती थीं। उन्होंने भी अपनी इस कला को काफी मेहनत से ऊंचाईयों तक पहुंचाया। अपने कलाकारों को रोजगार दिलाने उनका पूरा प्रयास रहता था। श्रीमती मोइत्रा ने बताया कि आने वाले समय में कई स्कूल गांव और कई जिलों में शासकीय कार्यक्रम करेंगी।

#### देख सकते हैं यू-ट्यूब में भी

श्रीमती मोइत्रा ने बताया कि लोग इस कला से निरंतर जुड़े रहे और इसके माध्यम से अपना मनोरंजन करते रहे, इसलिए अब यू-ट्यूब में भी यह सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। लोग घर बैठे सीजी कठपुतली बिलासपुर लिखकर इस शो को देख सकते हैं।

## करियर

### बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उनके शिक्षक से जरूर पूछें सवाल



**बिलासपुर।** हर माता पिता अपने बच्चे के उज्जवल भविष्य के लिए चिंतित रहते हैं। बच्चा बड़ा होकर आत्मनिर्भर बन सके, एक अच्छा नागरिक और सामाजिक व्यक्ति बने, इसके लिए माता पिता बच्चे को अच्छे संस्कार देने के साथ ही उसे किताबी ज्ञान हेतु स्कूल भेजते हैं। स्कूल में बच्चे को शिक्षा के माध्यम से जीवन आसानी से जीने के लिए सभी जरूरी बातें सिखाई जाती हैं। माता पिता भी अपने बच्चे की अच्छी शिक्षा का खास ध्यान देना चाहते हैं। इसके लिए अभिभावक अपने बच्चे की शिक्षा, समझदारी और उन्नति के बारे में समय समय पर उनके शिक्षक से बातचीत करते हैं। शिक्षक आपको बच्चे की सीख के बारे में जानकारी देते हैं।

#### बच्चे को क्या समस्या या बाधा आती है?

सामान्य बाधाओं की पहचान करके आप उन पर काबू पाने में अपने बच्चे की सहायता करने में मदद कर पाएंगे। फिर चाहे ये पाठ्यक्रम, कक्षा की गतिशीलता, या बाहरी कारकों से संबंधित है, इन बाधाओं को समझने से आपको और शिक्षक को उन्हें प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए मिलकर काम करने में मदद मिल सकती है। इस सवाल के जरिए आप समझ सकते हैं कि शिक्षक क्लास में कैसे उन बच्चों को तलाशते हैं जिन्हें पढ़ाई में अधिक मदद या ध्यान दिए जाने की जरूरत है। ऐसे बच्चों की समस्याओं को कितना चुनौतीपूर्ण मानकर शिक्षक उन्हें पढ़ाते हैं।

## स्पोर्ट्स न्यूज

### 19 वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# दूसरे दिन बना नेशनल रिकॉर्ड



**बिलासपुर।** 19वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई के एथलेटिक्स स्टेडियम में किया जा रहा है। चैंपियनशिप के दूसरे दिन नेशनल रिकार्ड बना। इसमें झारखंड के पार्थ सिंह ने 100 मीटर दौड़ में नेशनल मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। पार्थ सिंह ने 100 मीटर दौड़ को दस दशमलव छह आठ सेकेंड में पूरा किया।

राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में देश के लगभग सभी राज्यों से 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक- बालिका भाग ले रहे हैं। 15 से 17 जून तक आयोजित प्रतियोगिता के दूसरे दिन 5 हजार मी रेसवॉक, 3 हजार मी रेसवॉक, लॉंग जम्प, 110 मी हर्डल रेस, जेवलीन थ्रो, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, 400 मी रेस, हाई जंप, 1000 मी रेस , 200 मी॰, 100 मी॰ रेस, हेप्टाथ्लोन आदि इवेंट मे बालक एवं बालिकाओं ने प्रतिभा को प्रदर्शित किया। मेडल सेरेमनी में विजेता खिलाड़ी को मेडल देते छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जीयस बामरा और जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष विजय केशरवानी मौजूद थे।

#### हर्डल्स में सुजाना ने जीता सोना

प्रतियोगिता के अंतिम दिन रांची की सुजाना लकड़ा ने 100 मीटर हर्डल्स में 14.40 सेकेंड के समय के साथ लिए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। वहीं तमिलनाडु की भावना ने रजत और कर्नाटक की ईसा रंजीत ने कांस्य पदक जीता।

छत्तीसगढ़ स्कूल के छात्र सत्यप्रकाश का भी हुआ चयन

# बिलासपुर बेसबॉल टीम ने फाइनल चैंपियनशिप के लिए बनाई जगह

मेजर लीग बेसबॉल एमएलबी कप बेसबॉल 2024 बेंगलुरु पादुकोण द्रविड़ क्रिकेट अकादमी में 19 से 24 जून तक आयोजित होने वाली है। इसमें बिलासपुर बेसबॉल की टीम ने रीजनल अराउंड में क्वालीफाई कर फाइनल राउंड फाइनल चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की है। छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा छठवीं के छात्र सत्य प्रकाश बंजारे का चयन भी टीम में हुआ है। बता दें कि पिछले वर्ष भी बिलासपुर बेसबॉल की टीम ने एलपीयू में हुई एमएलबी का फाइनल में भाग लिया था। इस वर्ष हो रहे एमएलबी का फाइनल में बिलासपुर बेसबॉल की टीम पिछले वर्ष से और भी ज्यादा मजबूत है। उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक समिति के अध्यक्ष



अरुण गोवर्धन, छत्तीसगढ़ विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत चिपड़े, छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव सुश्री मिताली घोष, बेसबॉल के वरिष्ठ खिलाड़ी लखन देवांगन, अंकुर रजक, संदीप गहरे शुभकामनाएं दी है।

## बॉस्केटबॉल : ईगल फेस रही विजेता

लिटिल लीग बास्केट बॉल सीजन-3 का समापन समारोह देवकीनंदन स्कूल बॉस्केटबॉल कोर्ट में हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि डॉ सुदेश वर्मा, अनिरुद्ध मिश्रा थे। प्रतियोगिता पांच टीमों के मध्य लीग माध्यम से खेली गई। जिसके फाइनल मैच में ईगल फैंस वर्सेस जॉर्डन 11 के मध्य हुआ। जिसमें 35-52 से ईगल फेस विजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान रेफरी, स्कोरिंग का कार्य हर्ष सिंह, सौम्या संतवाणी, मोहन निषाद, गूंजा केशरवानी, समीक्षा भोसले, स्वयं सारथी, हिमांशु कामले, रुद्र प्रताप सिंह, कुबेर यादव, ओम पटेल आदि ने किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संघ के पदाधिकारी डॉ सुधीर राजपाल, सचिव जिला बास्केटबॉल संघ, आनंद सिंह, अमित पिल्ले,



बृजेश शर्मा, ओंकार जायसवाल, देवेंद्र सन्नाड्य, ऋषभ हडलेसकर, विनय बाकरे, धनराज यादव, विशाल टंडन, मोहन, पवन निषाद का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से जेवर नकद चोरी

**बिलासपुर।** बीती रात चोरों ने सूने मकान में धावा बोलकर जेवर व नकद रकम की चोरी कर ली है। पुलिस जांच में जुट गई है। कोनी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाले कुंजराम धीवर पिता स्व. लतेलराम धीवर रविवार की रात घर के दरवाजे में ताला लगाकर नंदकुमार यादव के प्लाट में सोने चले गए थे। देर रात चोरों ने उनके घर में धावा बोलकर चांदी का साटी, दो जोड़ी बाजूबंद, सोने का लाकेट, फुल्ली, करधन, बिछिया व 2 हजार रुपए नकद रकम चोरी कर लिया है। सोमवार की सुबह घर आने पर चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### तलवार लहराकर डराने धमकाने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** तलवार लहराकर आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, कश्यप कालोनी में एक युवक हाथ में तलवार रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर करबला कोदु चौक निवासी सुमेश उर्फ बाबू सारथी पिता सुरेश सारथी 21 साल को पकड़कर तलवार बरामद कर लिया है। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तलवार जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### बोरी में अवैध शराब ले जाते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने बोरी में अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे युवक को पकड़ लिया है। उसके पास से 30 पाव देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली एक युवक बोरी में अवैध रूप से शराब लेकर जा रहा है। पुलिस ने तारबाहर फाटक के पास घेराबंदी करते हुए डीपूपारा निवासी गोविंद गोंड़ पिता दयाराम गोंड़ को पकड़ लिया। बोरी की तलाशी लेने पर 30 पाव देशी शराब मिला। जब्त शराब की कीमत 2700 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### बस खलासी पर चापड़ से हमला


**बिलासपुर।** विवाद के बीच पहुंचने पर नारियल ठेला वाले ने बस खलासी पर चापड़ से हमला कर दिया। जिससे उसके हाथ के भुजा में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा विष्णु चौक निवासी साजिद खान पिता रसीद खान बस में खलासी का काम करते है। 16 जून को वे तिफरा बाजार गए और रात 10 बजे अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाजार के पास नरियल फल ठेला वाला प्रमोद साहू किसी के साथ विवाद कर रहा था। वह वहां पहुंचे तो प्रमोद साहू ने साजिद पर चापड़ से हमला कर दिया। जिससे उनके हाथ के भुजा में चोट आई है। पुलिस ने साजिद के रिपोर्ट पर प्रमोद साहू के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**जवाबदार अधिकारी बना रहे बहाना**

**दो दिनों से अस्पताल में नहीं आ रहा पानी, दो बार किया सुधार फिर भी समस्या जस की तस**

# मातृ एवं शिशु अस्पताल का बोर खराब, पानी के लिए भटक रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पिछले दो दिनों ने मातृ एवं शिशु अस्पताल का बोर खराब हो गया है, मशीन की खराबी के चलते बोर का नहीं कर रहा है जिसके चलते मरीजों को पीने के पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं मरीजों को प्रसाधन के लिए भी समस्या हो रही है। वहीं जिला अस्पताल के जवाबदार अधिकारी इस बारे में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

- **पानी के लिए महिलाओं बच्चों को तीन मंजिल नीचे उतरना पड़ रहा**

जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु अस्पताल की बिल्डिंग में पिछले दो दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हो सकी है। मरीज़ों को पानी नहीं मिलने के कारण कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इस बिल्डिंग में प्रसव उपरांत महिला मरीजों को रखा जाता है, वहीं बीमार बच्चे, आईसीयू की सुविधा है, जिसमें मरीज भर्ती रहते हैं। दो दिनों से पानी के लिए इन मरीज और परिजनों को भटकना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बोर में लगा मोटर पिछले कुछ दिनों से ठीक से काम नहीं कर रहा है, लेकिन दो दिनों से वह पूरी तरह से बंद हो चुका है। जिसके चलते अस्पताल में जलापूर्ति नहीं हो रही है। वहीं अस्पताल प्रबंधन मरीज और परिजनों को इसकी जानकारी तक नहीं है, ऐसे में परिजन भटक रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज और परिजन जिला अस्पताल की बिल्डिंग से पानी लेकर काम चला सकते हैं। लेकिन दूसरी ओर महतारी और बच्चों को तीन मंजिला बिल्डिंग से नीचे उतर के भीषण गर्मी में नहाने, कपड़े धोने, बाथरूम जाने की परेशानी झेलनी पड़ रही है।

अस्पताल में भर्ती अधिकतर मरीज दूसरे जिलों और आसपास गाँव के रहने वाले हैं, ऐसे में अस्पताल प्रबंधन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करने से समस्या बढ़ रही है। लगातार दो दिन छुट्टी पड़ने के चलते कोई भी डाक्टर और जिम्मेदार अधिकारी अस्पताल में उपस्थित नहीं था,ऐसे में मरीजों के परिजन परेशान हो रहे हैं और व्यवस्था को लेकर उनमें रोष उत्पन्न हो रहा है।

### प्रबंधन ने बनाया, घंटे भर भी नहीं चल सका मोटर

कई दिनों से मोटर पंप में परेशानी थी, लेकिन प्रबंधन और स्टाफ इस ओर ध्यान नहीं दे रहा था। शनिवार को अचानक मोटर बंद हो गई, लेकिन स्टाफ ने सिविल सर्जन को जानकारी तक नहीं दी। वहीं रविवार को बनाया गया, लेकिन महज कुछ ही देर में मोटर बिगड़ गया। दो दिनों से पानी का मोटर खराब होने के कारण भीषण गर्मी पीने के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं है।

### व्यवस्था करने कहा गया है

मोटर खराब होने के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो सकी है। मंगलवार को मोटर पंप बनाया जाएगा। मरीजों को जिला अस्पताल से पानी की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है, दिक्कत वाली बात नहीं है।

**-डॉ अनिल गुप्ता,** सिविल सर्जन

## 115 से अधिक ट्रेनें रद्द, बची में भीड़ ऐसी कि कन्फर्म और वेटिंग टिकट वाले सीट को लेकर भिड़ रहे



**बिलासपुर।** रेलवे ने 16 जून से जुलाई के अंतिम सप्ताह तक 115 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया है। ऐसे में इसका असर बची हुई ट्रेनों में नजर आ रहा है। कंफर्म टिकट वालों को वेटिंग वाले परेशान कर रहे हैं, ये लोग कन्फर्म टिकिट वालों की सीट पर कब्जा कर रहे हैं, जिससे विवाद की स्थिति बन रही है।

### 90 से 110 तक वेटिंग

जंक्शन से होकर दिल्ली-मुंबई जाने वाली सभी गाड़ियों में वेटिंग है। सालीमार में 90 तो उत्कल एक्सप्रेस की वेटिंग 110 तक पहुंच गई है। हावड़ा मेल 65 से 70 के आसपास वेटिंग में है। ज्ञानेश्वरी में 61 तो संपर्क क्रांति में वेटिंग 77 तक पहुंच गई हैं। इस रूट की आधे से अधिक ट्रेने रद्द दिखा रही है। ऐसे में बची हुई ट्रेनों में एक माह तक कंफर्म टिकट के आसार ही नहीं है।

## 1 जुलाई से लागू होंगे तीन नए कानून पुलिस अफसरों ने लिया प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** छग में 1 जुलाई 2024 से 3 नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू किया जा रहा है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एसपी बिलासपुर रजनेश सिंह के निर्देशन पर बिलासागुड़ी में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 16 जून से किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 4 चरणों में होगा। इसका समापन 23 जून को होगा। इस कार्यशाला का उदघाटन एसपी रजनेश ने किया। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से लागू होने वाले 3 नवीन कानूनों के क्रियान्वयन के पूर्व सभी पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय द्वारा सभी स्तर के पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित करने समय-समय पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया है। सभी इस ट्रेनिंग को निष्ठा से कीजिए, ताकि नए कानूनों को बेहतर ढंग से क्रियान्वित किया जा सके। प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन नगर पुलिस अधीक्षक (सरकण्डा) सिद्धार्थ बघेल, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक ठाकुर गौरव सिंह एवं रोशन आहुजा तथा निरीक्षक राहुल तिवारी ने तीन नवीन कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण दिया। इसमें जिले के सभी थानों से कुल 95 विवेचक उपस्थित रहे। उदघाटन सत्र में पुलिस अधीक्षक के साथ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार मौजूद थे।

- **पहले दिन 95 पुलिस अफसरों ने लिया प्रशिक्षण**

**गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) ने शुरू किया पाइप लाइन बिछाने का काम**

# नागपुर-झारसुगुड़ा लाइन से पहुंचेगी रसोई गैस, तिफरा मार्ग में बिछ रही पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पाइप लाइन से जिस तरह घरों में पानी पहुंचता है, ठीक उसी तरह अब जल्द ही शहरवासियों को पाइप लाइन के जरिए रसोई गैस की आपूर्ति की जाएगी। छत्तीसगढ़ में इसकी शुरुआत बिलासपुर व कोरबा जिले से होगी। इन दोनों जिलों को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शामिल किया गया है। गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) को नागपुर से झारसुगुड़ा तक गैस पाइपलाइन बिछाने का काम गेल इंडिया लिमिटेड को 15 मई 2020 को दिया गया। यह पाइपलाइन मुंबई से नागपुर तक जुड़ चुकी है। नागपुर से छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ होते हुए झारसुगुड़ा तक पाइपलाइन जोड़ी जा रही है। वर्तमान में यह पाइप लाइन तिफरा के मुख्य मार्ग तक बिछने लगी है। यहां सड़क के किनारे बड़ी-बड़ी पाइप को जोड़ने का काम किया जा रहा है। बिलासपुर से मुख्य गैस पाइप लाइन से शहर को आपूर्ति होगी, जबकि कोरबा के लिए जांजगीर-चांपा से 30 किलोमीटर छोटी पाइपलाइन एनटीपीसी तक बिछाई जाएगी। एनटीपीसी में खाली पड़ी जमीन पर प्लांट लगेगा। जहां से शहर में सप्लाई होगी। अधिकारियों का दावा है कि 2024 के आखिरी तक पाइपलाइन से गैस की आपूर्ति शुरु हो जाएगी।

- **शहर के 26 किलो मीटर सड़क खोदने निगम ने दी अनुमति, घरों में कनेक्शन के साथ लगेंगे मीटर**

**रिफिलिंग की समस्या होगी दूर:** यह सुविधा प्रारंभ होते ही उपभोक्ताओं को सिलेंडर रिफिलिंग के झंझट के अलावा सिलेंडर रखने से भी राहत मिलेगी। एलपीजी कम्पनियों द्वारा आपूर्ति में की जाने वाली लेटलतीफी का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। सिलेंडर के होम डिलीवरी करने वालों को अतिरिक्त राशि भी नहीं देनी पड़ेगी। गेल द्वारा पाइप लाइन बिछाने के साथ ही आपूर्ति के लिए देशभर में तकरीबन एक हजार से अधिक लिक्विफाइड नेचुरल गैस स्टेशन भी बनाए जाएंगे। घरों में गैंस पाइप लाइन के साथ मीटर भी लगेगा, जितनी खपत होगी उतने का बिल पटाना होगा।

**20 फीट गहराई में बिछाई जा रही पाइप लाइन**





कंपनी द्वारा 18 से 20 फीट गहरा गड्ढा खोदकर पाइप लाइन बिछाई जा रही है। पाइप लाइन बिछाने के बाद मिट्टी फिलिंग भी की जा रही है। सड़क के किनारे पाइप लाइन बिछाने के अलावा आसपास के खेतों से भी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। 20 फीट अंदर पाइप बिछाने से किसान का खेत भी नुकसान नहीं होगा। वो आराम से खेती भी कर सकेंगे। वर्तमान में गेल द्वारा तिफरा मुख्य मार्ग के साथ ही तोरवा क्षेत्र में भी पाइन लाइन को जोड़ने का काम किया जा रहा है।

### एमपी और सीजी के कुल 17 ब्लॉक में काम

अनूपपुर-कोरबा-बिलासपुर भौगोलिक क्षेत्र के तहत मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुल 17 ब्लॉक हैं, जिसे चार्ज एरिया कहा जा रहा है। इसमें चार ब्लॉक मध्यप्रदेश के पुष्पराज गढ़, अनूपपुर, कोतमा व जैतहरी है। छत्तीसगढ़ के मरवाही, पेंड्रा रोड गौरेला, पेंड्रा, कोटा, तखतपुर, बिलासपुर, बिल्हा, मस्तुरी, कोरबा, पोंड़ी-उपरोड़ा, पाली, कटघोरा और करतला इसमें शामिल हैं।

### सिटी गैस कनेक्शन के लिए 26 किमी सड़क खुदेगी

एक बार फिर बिलासपुर गड्ढापुर बनने जा रहा है। अब लिंक रोड, महाराणा प्रताप चौक से तारबाहर, व्यापार विहार, सीपत चौक सहित शहर के 26 किलोमीटर मेन रोड पर खुदाई के लिए निगम प्रशासन ने ठेका कंपनी को पाइप लाइन बिछाने के लिए 27 शर्तों के साथ 3 महीने के अंदर काम पूरा करने को भी कहा है।

### चल रहा है काम

सिटी गैस कनेक्शन की पाइप लाइन बिछाने का काम तिफरा रोड पर चल रहा है। शहर में पाइन के माध्य से घरेलू गैस की सप्लाई के लिए पाइप बिछाई जा रही है। वर्तमान में जो मुख्य मार्ग पर काम चल रहा है वो इसी के लिए है। इसके बाद शहर की तरफ पाइप लाइन बिछाई जाएगी।

**-प्रवेश कश्यप**
जोन कमिश्नर तिफरा।

**रात 11 बजे बीच सड़क पर बाइकर्स का आतंक**

## साइड मांगने पर डाक्टर को पीटा, चेन भी लूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात मगरपारा रोड में बुलेट सहित तीन बाइक में युवक बीच सड़क में मटरगश्ती करते बाइक चला रहे थे। परिवार के साथ जा रहे डाक्टर ने कार का हार्न बजाकर साइड मांगा तो बाइक सवार युवक नाचने लगते थे। डाक्टर ने कार खड़ी कर उन्हें साइड देने कहा तो युवकों ने गुंडागर्दी करते हुए उनके साथ मारपीट की और गले से सोने की चेन लूटकर भाग गए।

- **मगरपारा रोड राजा नर्सरी के आगे हुई वारदात**

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, दयालबंद निवासी डा. अभिजीत सिंह पिता नानक सिंह 16 जून की रात 11 बजे अपनी पत्नी ट्विंकल, दोस्त विश्वजीत बनर्जी व उनकी पत्नी के साथ कार क्रमांक सीजी 10 बीजे, 9005 से नया बस स्टैण्ड की ओर जा रहे थे। मगरपारा राजा नर्सरी के आगे एसबीआई के पास बुलेट सहित तीन बाइक में सवार युवक सड़क को घेरते हुए जा रहे थे। हार्न बजाने के बाद भी साइड नहीं देने पर डा. सिंह ने कार रोककर युवकों को किनारे होने के कहा तो बाइक सवार युवक महिलाओं के सामने गाली गलौज करने लगे। वे कार किनारे रोककर बाहर निकले तो तीन युवक उनके पास आए और मारपीट करने लगे। इसी दौरान एक युवक ने उनके गले से लाकेट सहित सोने की चेन लूट लिया। लूटपाट करने के बाद भी वे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। भागते समय उन्होंने बुलेट का नम्बर सीजी 10 बीपी, 8818 को देख लिया था। पुलिस ने श्री सिंह की रिपोर्ट पर बुलेट व एक अन्य बाइक सवार युवकों के खिलाफ धार 392, 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नहीं पकड़े गए

सड़क को घेरकर तीन बाइक में सवार युवक जा रहे थे। डाक्टर से साइड मांगा तो उनके साथ मारपीट कर सोने की चेन लूट ली गई है। बाइक नम्बर के आधार पर कस्तूरबा नगर के युवकों का नाम सामने आया है, वे अभी नहीं पकड़े गए हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

**-भावेश शेंडे,** सिविल लाइन थाना प्रभारी




## हैदराबाद के बीएमएस कार्यकर्ता की ट्रेन में मौत, मजूदर संघ ने की मदद

**बिलासपुर।** तेलंगाना हैदराबाद के बीएमएस कार्यकर्ता बी सनल कुमार सपत्नीक ट्रेन से चार धाम की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान रविवार को उसलापुर स्टेशन में उन्हें अचानक हार्ट अटैक आया और उनकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराने पीड़ित परिवार पूरे दिन स्टेशन मास्टर, आरपीएफ, जीआरपी, रेलवे हास्पिटल, जिला हास्पिटल के चक्कर लगाता रहा । किसी तरह घटना की जानकारी भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय उप महामंत्री सुरेन्द्र कुमार पांडेय हुई। इसके बाद जिले के सभी प्रमुख कार्यकर्ता जिला मंत्री संजय तिवारी, रेलवे मजदूर संघ के जोनल महामंत्री संतोष पटेल, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सुरेश तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता सुबह से जिला अस्पताल, जीआरपी, जिला प्रशासन से त्वरित कार्यवाही का दबाव बनाया। इसके बाद सोमवार को दोपहर बारह बजे तक परिवार को पार्थिव शरीर सौंपा गया।



### दो बाइक में भिड़ंत, महिला घायल

**बिलासपुर।** उसलापुर गोकने नाला के पास दो बाइक के बीच भिड़ंत होने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। सकरी पुलिस के अनुसार, परसदा निवासी अमित कुमार साहू 16 जून को अपनी दीदी को बाइक क्रमांक सीजी 10 एक्यू, 1358 में बैठाकर जा रहे थे। गोकनेनाला उसलापुर पेट्रोलपंप के पास बाइक क्रमांक सीजी 10 एव्ही, 8909 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बहन को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

